B-3
L-9
Indian Society

06/12/2025

संभावित प्रश्न-

1. भारतीय समाज में राजनीति में जाति की भूमिका का परीक्षण कीजिए?

2. समकालीन राजनीति में जाति की बढ़ती हुई भूमिका को रोकने हेतु उपाय बताइए।

3. जाति व्यवस्था लोकतंत्र में बाधक है या साधक स्पष्ट कीजिए।

4. "समकालीन भारतीय राजनीति में बढ़ रहे जातिवाद ने विकास को उपेक्षित किया है और लोकतंत्र को कमजोर किया है।" चर्चा कीजिए।

5. "जाति ने यदि राजनीति हेतु आधार प्रदान किया है तो राजनीति ने जाति को नवजीवन दिया है।" स्पष्ट कीजिए।

KGS IAS
KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR

## खाप पंचायत एवं प्रतिष्ठा हत्या

- खाप पंचायत का अर्थ
- सर्वखाप पंचायत का अर्थ
- प्रतिष्ठा हत्या का अर्थ
- खाप पंचायत एवं प्रतिष्ठा हत्या के पक्ष में तर्क
- खाप पंचायत एवं प्रतिष्ठा हत्या के विपक्ष में तर्क
- समीक्षा

### खाप पंचायत से संबंधित प्रमुख घटनायें एवं सुप्रीम कोर्ट का निर्णय –

KGS IAS KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

जून 2007 में हरियाणा के कैथल जिले के करोरा गांव में एक नवदंपति मनोज एवं बबली की हत्या का निर्णय प्रतिष्ठा हत्या के नाम पर खाप पंचायत द्वारा लिया गया, क्योंकि वे दोनों जाट जाति के एक ही गोत्र 'बनवाला' से संबंधित थे।

एक गैर-सरकारी संगठन (NGO) शक्तिवाहिनी के जनहित याचिका पर मार्च 2010 में सुप्रीम कोर्ट ने उपरोक्त हत्या के लिये पांच दोषियों को मृत्युदंड की सजा सुनाई और खाप पंचायत को गैर-कानूनी करार देते हुये इसे कंगारू कोर्ट की संज्ञा

दी और प्रतिष्ठा हत्या को असभ्य, घृणास्पद एवं गैर-कानूनी बताया।

सुप्रीम कोर्ट के उपरोक्त निर्णय के बाद कई राजनीतिक दलों एवं संगठनों द्वारा खाप पंचायत एवं प्रतिष्ठा हत्या का विरोध किया गया तो कई नेता एवं संगठन (केजरीवाल, राहुल गांधी, मनोहर लाल खट्टर आदि) इसके समर्थन में आ गये।

⇓

पुन: 27 मार्च 2018 को शक्तिवाहिनी की जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया कि- यदि दो वयस्कों ने अपनी मर्जी से शादी की है तो इस शादी को लेकर खाप पंचायत द्वारा जारी फरमान गैर-कानूनी है और यदि ऐसा कोई संगठन करता है, तो इसे रोकने हेतु केन्द्र सरकार को कानून का निर्माण करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिष्ठा हत्या एवं खाप पंचायत ऐसे विवाह को रोकने के फैसले को रोकने हेतु 20 बिन्दुओं का एक दिशा-निर्देश जारी किया गया और कहा गया कि जब तक सरकार इस पर कोई

KGS IAS KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

कानून नहीं बना लेती यह दिशा-निर्देश कानून के रूप में लागू रहेगा।

प्रतिष्ठा हत्या -
वह हत्या जो परंपराओं, मान्यताओं, जाति-गत नियमों आदि के उल्लंघन करने वालों को परंपरा संरक्षण के नाम पर दी जाती है, प्रतिष्ठा हत्या कहलाती है।

खाप पंचायत एवं प्रतिष्ठा हत्या के पक्ष में तर्क-

1. परंपराओं की रक्षा व पहचान संकट का समाधान
2. विवाह संबंधी निषेधों के पालन से रक्त मिश्रण से उत्पन्न होने वाली विकृतियों से रक्षा
3. सामुदायिक एकता में सहायक
4. सामाजिक प्रशासन में सहायक
5. दबाव समूह के रूप में सक्रिय होकर शक्ति के विकेन्द्रीकरण में सहायक
6. आधुनिक मुद्दों का समर्थन करके, आधुनिक समाज के निर्माण में सहायक; जैसे - दहेज प्रथा का विरोध, कन्या भ्रूण हत्या का विरोध, स्त्री शिक्षा का समर्थन आदि।

KGS IAS KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

खाप पंचायत एवं प्रतिष्ठा हत्या के विपक्ष में तर्क -

1. परंपरा के नाम पर कट्टरतावाद को बढ़ावा
2. संवैधानिक मूल्यों के विपरीत व गैर-कानूनी
3. आधुनिक समाज के निर्माण में बाधक
4. पितृसत्तात्मकता का संरक्षण व लिंग समानता का विरोध
5. अमानवीय गतिविधि

संभावित प्रश्न

1. - प्रतिष्ठा हत्या क्या है? क्या यह हमारे सामाजिक / परंपरा संरक्षण हेतु उपयुक्त है? उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए।

KGS IAS
KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR

उत्तर -

Part - 1 प्रतिष्ठा हत्या का अर्थ

Part - 2 समीक्षा

→ पक्ष में तर्क -
→ निष्कर्ष में आधुनिक समाज के पक्ष में इन मूल्यों का विरोध
→ हत्या को गलत बताते हुये, दण्ड का समर्थन

2. सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के आलोक में प्रतिष्ठा हत्या को रोकने के प्रयासों की समीक्षा कीजिए।

3. "खाप पँचायत की वर्तमान गतिविधियों को देखते हुये इसे पूर्णतः प्रतिबंधित कर देना चाहिए। क्या इस मत से आप सहमत हैं? उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए।

4. "खाप पँचायत पितृसत्तात्मक समाज की अभिव्यक्ति है।" स्पष्ट कीजिए।

KGS IAS
KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR